गणपति राखो मेरी लाज-चंचल

गणपति राखो मेरी लाज-चंचल
==========================
(सदा भवानी दाहिनी, सिद्धि करे गणेश,
पांचो देव रक्षा करें, ब्रह्मा विष्णु महेश l)

"गणपति राखो, मेरी लाज" ll
*पूर्ण कीजो, मेरे काज xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज" ll -ll

*सदा रहे खुशहाल, गणपति लाल,
जो प्रथमें "तुम्हे ध्याए"* l
*रिद्धि सिद्धि के दाता, ओ भाग्य विधाता,
वो तुमसे "सब कुछ पाए"* ll
*विनती सुनलो, मेरी आज, xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
*हो पूर्ण कीजो, मेरे काज xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"

*कभी ना टूटे आस, मेरा विश्वाश,
मैं आया "शरण तुम्हारी"* l
हे शम्भू कैलाश, प्रभु कृपाल,
तेरी है "महिमा न्यारी"* ll
*तेरी दया का, मैं मोहताज, xll,,,

"गणपति राखो, मेरी लाज"
*पूर्ण कीजो, मेरे काज xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"

*मूर्ख को दे ज्ञान, सभा में मान,
हो निर्बल "भी बलशाली"* l
*गौरी पुत्र प्यारे, जगत से न्यारे
है तेरी "शान निराली"* ll
*तीन लोक में, तुमरा राज़, xll,,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
*हो पूर्ण कीजो, मेरे काज xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"

*जिसके सर पे हाथ, हो तेरा नाथ,
उसे फिर "कैसा डर है"* l
*जपे जो तेरा नाम, सुबह और शाम,
तो उसका "नाम अमर है"* ll
*सब देवों के, तुम सरताज, xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
*हो पूर्ण कीजो, मेरे काज xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/ganpati-rakho-meri-laaj--chanchal/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw